# Two Days workshop on 'Financial Literacy and Career after Graduation'

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 12-09-2024**

# हकेवि में विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता संग रोजगार का ज्ञान




**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय के द्वारा आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता व स्नातक के बाद करियर विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन के आरंभ में विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सीएच ने आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के प्रतिनिधियों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के प्रति इस आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुलपति की प्रेरणा व प्रोत्साहन से ही यह कार्यशाला सम्पन्न हो रही है। पुस्तकालयाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय नियमित रूप से विभिन्न साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करता है और वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला ऐसा ही एक कार्यक्रम है। उन्होंने आगे कहा कि वित्तीय साक्षरता व्यक्ति को वित्त से निपटने में सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। कार्यशाला के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण सत्र आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, फरीदाबाद के सहायक संकाय प्रो. आर.के. आनंद द्वारा संचालित किए गए। आयोजन के पहले दिन प्रो. आनंद ने वित्त, कैसे कमाएँ, कैसे और क्यों बचत करें, निवेश योजना कैसे बनाएं, तथा व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्य कैसे प्राप्त करें, जैसे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। दूसरे दिन प्रो. आनंद ने बताया कि स्नातक के बाद कैरियर का चयन किस सावधानी से करें। आयोजन में सवाल-जवाब सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने विशेषज्ञ प्रो. आर. के. आनंद का परिचय प्रस्तुत किया। सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक, सहायक पुस्ताकालयाध्यक्ष श्री नरेश कुमार तथा लाइब्रेरी टीम ने कार्यक्रम का समन्वय किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala    Date: 12-09-2024

## हकेंवि में विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता संग दिया रोजगार का ज्ञान

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय के द्वारा आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता संग रोजगार के ज्ञान पर जोर दिया गया।

डॉ. संतोष ने कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय नियमित रूप से विभिन्न साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करता है और वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला ऐसा ही एक कार्यक्रम है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

कार्यशाला के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण सत्र आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, फरीदाबाद के सहायक संकाय प्रो. आरके आनंद द्वारा संचालित किए गए। आयोजन के पहले दिन प्रो. आनंद ने वित्त, कैसे कमाएं, कैसे और क्यों बचत करें, निवेश योजना कैसे बनाएं व व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्य कैसे प्राप्त करें जैसे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

प्रो. आनंद ने बताया कि स्नातक के बाद कैरियर का चयन किस सावधानी से करें। आयोजन में सवाल-जवाब सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया।

उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने विशेषज्ञ प्रो. आरके आनंद का परिचय प्रस्तुत किया। सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक, सहायक पुस्ताकालयाध्यक्ष नरेश कुमार व लाइब्रेरी टीम ने कार्यक्रम का समन्वय किया। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 12-09-2024**

# विद्यार्थियों को मिला वित्तीय साक्षरता का ज्ञान

संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय के द्वारा आईसीएफएआइ बिजनेस स्कूल के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता व स्नातक के बाद करियर विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन के आरंभ में विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के अध्यक्ष डा. संतोष सीएच ने आइसीएफएआइ बिजनेस स्कूल के प्रतिनिधियों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के प्रति इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुलपति की प्रेरणा व प्रोत्साहन से ही यह कार्यशाला सम्पन्न हो रही है। पुस्तकालय अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय नियमित रूप से विभिन्न साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करता है और वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला ऐसा



विशेषज्ञ को स्मृतिचिन्ह भेंट करते हकेंवि के शिक्षकगण ● सौ. प्रवक्ता

ही एक कार्यक्रम है। उन्होंने आगे कहा कि वित्तीय साक्षरता व्यक्ति को वित्त से निपटने में सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। प्रशिक्षण सत्र आइसीएफएआइ बिजनेस स्कूल, फरीदाबाद के सहायक संकाय प्रो. आरके आनंद द्वारा संचालित किए गए। आयोजन के पहले दिन प्रो. आनंद ने वित्त, कैसे कमाएं, कैसे और क्यों बचत करें, निवेश योजना कैसे बनाएं, तथा व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्य कैसे प्राप्त करें, जैसे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। दूसरे दिन प्रो. आनंद ने बताया कि स्नातक के बाद कैरियर का चयन किस सावधानी से करें। आयोजन में सवाल-जवाब सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डा. राजीव वशिष्ठ ने विशेषज्ञ प्रो. आर. के. आनंद का परिचय प्रस्तुत किया। सूचना वैज्ञानिक डा. विनीता मलिक, सहायक पुस्ताकालयाध्यक्ष नरेश कुमार तथा लाइब्रेरी टीम ने कार्यक्रम का समन्वय किया। कार्यशाला में 150 विद्याथियों ने प्रतिभागिता की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 12-09-2024**

# वित्तीय साक्षरता व स्नातक के बाद करियर विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय के द्वारा आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता व स्नातक के बाद करियर विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन के आरंभ में विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सीएच ने आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के प्रतिनिधियों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के प्रति इस आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि कुलपति की प्रेरणा व प्रोत्साहन से ही यह कार्यशाला संपंन हो रही है। पुस्तकालयाध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय पुस्तकालय नियमित रूप से विभिन्न साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करता है और वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला ऐसा ही एक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता व्यक्ति को वित्त से निपटने में सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। कार्यशाला के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण सत्र आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, फरीदाबाद के सहायक संकाय प्रो. आरके आनंद द्वारा संचालित किए गए। आयोजन के पहले दिन प्रो. आनंद ने वित्त, कैसे कमाएं, कैसे और क्यों बचत करें, निवेश योजना कैसे बनाएं तथा व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्य कैसे प्राप्त करें, जैसे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। दूसरे दिन प्रो. आनंद ने बताया कि स्नातक के बाद कैरियर का चयन किस सावधानी से करें। आयोजन में सवाल-जवाब सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने विशेषज्ञ प्रो. आरके आनंद का परिचय प्रस्तुत किया। सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक, सहायक पुस्ताकालयाध्यक्ष नरेश कुमार तथा लाइब्रेरी टीम ने कार्यक्रम का समंवय किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।



महेंद्रगढ़। विशेषज्ञ को स्मृति चिह्न भेंट करते पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सीएच।